## खबर संक्षेप

### टोला में उपार्जन केन्द्र बनाए जाने की मांग

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की सहकारी समिति देवरीमंगेला के अन्तर्गत टोला क्रमांक 2 में गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाये जाने की मांग भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। किसानों ने बताया कि पूर्व में टोला में गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाया गया था। इससे उन्हें सुविधा मिली थी। लेकिन इस वर्ष यहाँ उपार्जन केन्द्र नहीं बनाया गया। जिससे किसानों को परेशान होना पडेगा। जिस पर कलेक्टर ने टोला केन्द्र क्रमांक 2 बनाये जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बिहारी लाल निगम, जिला मंत्री राजेन्द्र प्रसाद पटेल, तहसील मंत्री बसंत मिश्रा, सतीश चौबे सहित किसान उपस्थित रहे।

### फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम

**कटनी।** हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे गब्बर और सिराज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने 5-5 हजार नगद इनाम की घोषणा की है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध धारा 307, 341, 294, 506, 427 आईपीसी की अंतर्गत आरोपी सिराज पिता शेख इस्लाम उम्र 30 वर्ष एवं गब्बर उर्फ गुलाब गौस पिता शेख इस्लाम उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी झर्रा टिकुरिया भारत चौक जिला कटनी उक्त अपराध में वांछनीय है। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किए गए, किंतु अभी तक आरोपियों का कोई पता सुराग नहीं लगा है। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार रुपए नगद इनाम की घोषणा की गई है। आरोपियों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

### खेल मैदान समतलीकरण का किया निरीक्षण



**बरही।** शासकीय महाविद्यालय में खेल मैदान समतलीकरण और एडीटोरियम हेतु सहयोग की मांग की थी उसके बाद क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को एसोसिएशन ने पत्र द्वारा प्रबधन से सहयोग की मांग की थी। विधायक पाठक ने त्वरित कार्यवाही कर सेल प्रबंधन को सीएसआर से अलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश कचेर की मांग पर खेल मैदान के स्मतलीकरण कराने निर्देशित किया अब महाविद्यालय में खेल मैदान का समतलीकरण कार्य प्रगति पर है जिसका अवलोकन कर अलुमिनाई एसोसिएशन सहित महाविद्यालय परिवार छात्र छात्राओं ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### मत प्रतिशत एवं कम्यूनिकेशन प्लान का प्रशिक्षण 30 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस पर मत प्रतिशत की प्रति दो - दो घंटे की एकजाई जानकारी प्राप्त करनें हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा पीठासीन अधिकारियों के लिए तैयार मत प्रतिशत मोबाईल एप का प्रशिक्षण कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में शनिवार 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गयो है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान श्री शिशिर गेमावत ने नोडल अधिकारी प्रशिक्षण को समस्त मास्टर ट्रेनरों, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विधानसभा स्तरीय आई.टी टीम तथा विधानसभा स्तर पर एप के संचालन हेतु कम्यूनिकेशन सह कंट्रोल रूम टीम को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहनें के निर्देश दिए है।

# गिरजाघर में घंटा बजा और प्रभु यीशु का स्मरण कर मनाया गया गुड फ्राइडे

सतना

प्रभु यीशु के बलिदान दिवस की याद में शुक्रवार को ईसाई समुदाय ने पारंपरिक ढंग से गुड फ्राइडे मनाया। समाज के महिला-पुरुष,युवती-युवक,बच्चे सभी काले वस्त्र धारण करके सुबह गिरजाघर में उपस्थित हुए और विशेष प्रार्थना सभा में शिरकत की।पादरी द्वारा उपस्थित जनों को प्रभु यीशु के दया,करुणा एवं क्षमा आदि पवित्र गुणों के बारे में बताते हुए बाइबिल पढ़वाई और ईश्वर पर आस्था रखते हुए उसके दिखाये सत्य,प्रेम,दया,करुणा को आत्मसात करने की सीख दी। गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय का बहुत खास पर्व है। इसे शोक दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ग्रेट फ्राइडे,बलैक फ्राइडे या होली फ्राइडे भी कहते हैं। ईसाई समुदाय द्वारा गुड फ्राइडे मनाया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु ने बलिदान दे दिया था।


दरअसल,यीशु को यहूदी शासकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से कई यातनाएं दीं और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था वो दिन शुक्रवार था। इसलिए यह दिन गुड फ्राइडे के रूप में जाना जाता है। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। इस अवसर पर आज सुबह ईसाई समुदाय के लोगों द्वारा गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना की गयी। साथ ही प्रभु यीशु की याद में उपवास भी रखा गया,इस उपवास को करने के बाद मीठी रोटी बनाकर खाई जाती है। गुड फ्राइडे न केवल भारत ही बल्कि दुनियाभर में मौजूद सभी ईसाई लोग मनाते हैं।

### गिरजाघरों में घंटा के बजाय खटखटे बजाए

प्रभु ईसामसीह के अनुयायी इस दिन काले रंग के वस्त्र पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक मनाते हैं। कहा जाता है कि गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता है,बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं। साथ ही लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर प्रभु यीशु का स्मरण करते हैं।

### शांति के मसीहा थे प्रभु यीशु

दरअसल ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे इसलिए मनाते हैं,क्योंकि इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। बता दें,प्रभु ईसा मसीह प्रेम और शांति के मसीहा थे। गुड फ्राइडे के दिन ईसाई





समाज द्वारा निः शक्ति गरीब,असहाय,वृद्ध जनों को भोजन,वस्त्र एवं आर्थिक दान किया गया। हालांकि ये भी कहा जाता है कि प्रभु यीशु इस घटना के तीन दिन बाद यानी ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित हो उठे।

### मैहर में इसाई धर्म के लोगों ने निकाला जुलूस

गुड फ्राइडे के अवसर पर मैहर चर्च में भी ईसाई धर्म के लोगों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पादरी बीजू और पादरी सज्जी थामस के द्वारा चर्च प्रांगण से जुलूस निकाला गया। इस दौरान जीजस की दुख भेद की प्रार्थना की गई। इस कार्यक्रम में डेजू बर्नाड,डानवास्को,जेम्स वाडिया,गोम्स मैडम, ओमना नर्स,हनी मार्टिन एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में ईसाई धर्म के लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर बंगले में होली खेल, बच्चों के चेहरों पर बिखरे खुशियों के रंग

सतना

कलेक्टर बंगले में शुक्रवार की सुबह कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए खुशियों के नए रंग लेकर आई।कलेक्टर सपरिवार जिले भर के इन बच्चों के मेजबान बने और अपने निवास में इन बाल मेहमानो की खूब आव-भगत की। कलेक्टर अनुराग वर्मा के साथ उनके विशेष रूप से बाल सुलभ साज-सज्जा युक्त कलेक्टर बंगले में जिले भर से आये बच्चों ने आत्मीयता पूर्वक होली मनाई,रंग-गुलाल के साथ मस्ती की। बच्चों ने फिसलन पट्टी,झूले,राइफल शूटिंग और डीजे में डांस का मजा लिया। बच्चे जब वापस लौटे तो उनके हाथों में गिफ्ट और चेहरों पर खुशी भरी मनमोहक मुस्कान नजर आई। जिला प्रशासन ने कलेक्टर अनुराग वर्मा की विशेष पहल पर शुक्रवार को कलेक्टर बंगले में बाल रंग 2024 'बच्चों के संग होली मिलन' का आयोजन किया गया था। यह आयोजन कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए खुशियां बांटने का था। कलेक्टर अनुराग वर्मा,उनकी पत्नी और उनकी नन्ही बेटियों ने इन बच्चों पर पुष्प वर्षा कर गुलाल लगाया,और आत्मीयता से होली खेल कर अपनेपन का अहसास दिलाया। कलेक्टर निवास में,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेडे, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह और उनकी टीम,बाल कल्याण समिति की पूर्व अध्यक्ष राधा मिश्रा और समिति की सदस्य टीम मातृछाया और चाईल्ड लाईन,वनस्टाप सेंटर की टीम भी बच्चों को खुशियां बांटने में सहभागी बने। इस अवसर पर प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मैहर राजेंद्र बांगरे, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, सीडीपीओ अरुणेश तिवारी, पुनीत शर्मा, अभय द्विवेदी, विद्याचरण तिवारी, इंद्रभूषण तिवारी, रीता द्विवेदी, रविकांत शर्मा, अखिलेश दीपांकर, सुरेंद्र सिंह सहित समेकित बाल संरक्षण और विशेष किशोर पुलिस इकाई के टीम मेंबर भी उपस्थित रहे।



बच्चों संग होली मिलन "बाल रंग 2024" का आयोजन

# खुले आम हो रहा है मैहर में आचार संहिता का उल्लंघन

मैहर

चुनावी समर अपने शबाब में होने जा रहा है लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी सतना के आदेश के प्रति स्थानीय संबंधित विभाग प्रमुख क्यों इतने लापरवाह है कि शायद उन्हें यह नहीं दिखााई दे रहा है कि जगह-जगह पर बाल पेंटिग विभिन्न पार्टियों के द्वारा दीवारों पर स्लोगन एंव पार्टी का प्रचार प्रसार अंकित है । यहां तक विभिन्न जनप्रतिनिधियों पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं मंत्री,सांसद,विधायकों व नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष,पार्षदों के नाम की शिलालेख पटिटकाओं में अंकित नाम लोकार्पण के तहत अभी भी उन्हें ढांकने का काम स्थानीय नगर पालिका प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग उप संभाग मैहर के अधिकारियों के द्वारा अभी किया है न ही कोई चिंता ही है कि उक्त शिलालेख नगर पालिका कार्यालय,नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय,सिविल अस्पताल मैहर के प्रवेश द्वार में लोकर्पित शिलालेख पट्टिका अभी भी नेताओं के नाम का प्रचार प्रसार हो रहा है। जब कि विभिन्न दलों के नेताओं के द्वारा भी अपनी गाड़ियों में एवं कार्यालयों में व दीवारों सहित ऑटो पर रंग रोगन के माध्यम से पार्टी का सिंबल लिखवाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी सतना एवं मैहर के साथ ही प्रदेश के निर्वाचन पदाधिकारी एंव देश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के द्वारा क्या कोई कार्यवाही की जाएगी।






# अनूठी होगी इस वर्ष रामनवमीं शोभायात्रा

सतना

हिंदू पर्व समन्वय समिति ने इस वर्ष श्रीरामनवमी की भव्य शोभायात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां प्रारंभ की है।आज बांधवगढ़ कॉलोनी स्थित श्रीअय्यप्पा मंदिर में संपन्न बैठक में संयोजक लखनलाल केशरवानी अय्यप्पा मंदिर केआचार्य वीरेंद्र मिश्रा समाज के वरिष्ठ सदस्य केएनजी पिल्लई समाज के अध्यक्ष ओमना कुट्टन नायर समाजसेवी नीरज तिवारी मंचासीन रहे।बैठक में व्यवस्था संबंधी विस्तृत विचार विमर्श किया गया। स्वागत उद्बोधन केएनजी पिल्लई ने दिया। समिति के उत्तम बनर्जी ने व्यवस्था वितरण शक्ति केंद्र बैठकें शक्ति केंद्र की प्रभात जागरण रैलियां मातृशक्ति बैठक एवं मातृशक्ति स्कूटर रैली के सम्बंध में जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओ के लिए दायित्व वितरण किया।उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन का बीसवाँ वर्ष होने से रामजी की शोभायात्रा को लेकर समिति के सदस्यों में भी भारी उत्साह है साथ ही सतना समाज भी अत्यंत उत्साहित है। उन्होंने सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि रामनवमी का आयोजन सुव्यवस्थित और अनुशासित हो यह हमारी आयोजन समिति की विशिष्ट पहचान है।समिति के सागर गुप्ता द्वारा रामधुन के साथ बैठक प्रारंभ हुई। बैठक का संचालन अनुराग गोस्वामी ने किया। कार्यकर्ताओं को अनेक प्रकार के दायित्व सौंपे गए। इस वर्ष विशेष समाज संपर्क अभियान किया जाएगा छोटी-छोटी मोहल्ला बैठकर होंगी घर-घर साज-सज्जा की जाएगी।




हिंदू पर्व समन्वय समिति ने शुरू की बड़ी तैयारी

"चुनाव का पर्व-देश का गर्व"
लोकसभा निर्वाचन 2024

# दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूकता

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान- स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहे हैं। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन,शपथ,निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वीप गतिविधियों क्रम में शनिवार को जिले के अंतर्गत आने वाले ग्रामों मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारों का दीवाल लेखन किया गया। इस दौरान ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से "घर- घर रंग लगायेंगे-वोट डालने जायेंगे", "सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो", ''प्रजातंत्र से नाता है-हम भारत के मतदाता है'' जैसे अनके नारों के लेखन का कार्य किया गया। इसी क्रम में नागरिकों द्वारा निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करने की शपथ ली जा रही है। जिले के महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाकर नवीन मतदाताओं को वोट का महत्व बताते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।स्वीप गतिविधियों को प्रसारित करने महाविद्यालयों में नियुक्त कैंपस एबेंसडर्स ने सोहौल गांव में ग्रामीणजनों के बीच चैपाल लगाकर लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी दी और मतदान दिवस पर मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।






# प्राधिकृत पत्रकारों को भी मिलेगी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

सतना

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे।आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

### प्राधिकार पत्रधारी मीडियाबंधु फार्म 12डी प्राप्त करें

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने प्राधिकार पत्रधारी मीडिया बंधुओं से पोस्टल बैलेट के मतदान कार्य हेतु जिला जनसंपर्क अधिकारी सतना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

अत्यावश्यक सेवा के ऐसे प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार जो पोस्टल बैलेट सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, वे जिला जनसंपर्क कार्यालय सतना से इस हेतु आवेदन प्रपत्र फार्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे पात्र पत्रकार मतदाता को फार्म 12डी में आवश्यक जानकारी भरकर अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च से 5 दिवस के भीतर जिला जनसंपर्क कार्यालय को प्रमाणीकरण के लिये प्रस्तुत करना होगा। सतना और मैहर जिले के प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार कार्यालय से अथवा अपने बीएलओ से फार्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष समेत 5 लोग अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रह चुके सतना के वैश्य समाज के नेता समेत 5 पूर्व प्रत्याशी इस बार चाह कर भी चुनावी मैदान में ताल नहीं ठोक पाएंगे। चुनाव आयोग ने इनके मैदान में कूदने पर रोक लगाते हुए इन्हें अयोग्य करार दे दिया है।

सतना।

भारत निर्वाचन आयोग ने सतना और मैहर जिले के 5 अभ्यर्थियों को लोकसभा चुनाव लडऩे के लिये अयोग्य (निर्रह) घोषित किया है। ये सभी व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।अयोग्य करार दिए गए लोगों में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में सपाक्स के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ चुके भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामोराम गुप्ता तथा आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार रहे शशांक सिंह सोनौरा का नाम भी शामिल है। इसके अलावा मैहर विधानसभा क्षेत्र के शिवम पांडेय उर्फ शिब्बू मंगल भवन के पास मैहर,राजेंद्र कुमार वर्मा मुख्त्यारगंज सतना तथा श्यामा अहिरवार उर्फ श्यामलाल साकेत निवासी बस स्टैंड के पास सतना भी वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए अयोग्य घोषित किए गए हैं।


# मैहर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान निकाली काली फिल्में वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही



मैहर

मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के कुशल निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक के मार्गदर्शन एवं मैहर थाना निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में एसआई अशोक सिह सेंगर,प्रकाश सिंह और जय बागरी के द्वारा मैहर कटनी रोड में सघन वाहन चेकिंग लगाई गई जिसमें नगर में प्रवेश करने वाले वाहनों के हेलमेट,सीट बेल्ट,हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट और काली फिल्म की जांच की गई। इस दौरान कई वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कई गाड़ियों के चलान काटे गए एवं वाहनों के कांच पर लगी काली फिल्म उतारी गई।

### अब आईआरसीटीसी के हवाले हुआ रेलवे का रिटायरिंग रूम



**सतना।** पहली बार रेलवे का रिटायरिंग रूम आईआरसीटीसी के हवाले हो गया है। कागजी खानापूर्ति के बाद शुक्रवार को रिटायरिंग रूम आईआरसीटीसी के हैंडोवर कर दिया गया है। आपको बता दें कि रिटायरिंग रूम रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक 1 के ऊपर स्थित है। रिटायरिंग रूम में 6 कमरे और एक डॉरमेट्री है। जानकारी के मुताबिक वेटिंग हाल का संचालन करने वाली नमः संस्था रिटायरिंग रूम का भी संचालन करेगी।

# मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के लिए करें समुचित प्रबंध

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथकृसाथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

# अभ्यर्थी आज जमा कर सकेंगे नामांकन

### 31 मार्च और 1 अप्रैल को अवकाश होने से जमा नहीं होंगे नामांकन

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 31 मार्च को रविवार और एक अप्रैल को बैंकों में अवकाश की वजह से नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। दूसरे चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र करने की अंतिम तारीख 4 अप्रैल 2024 है। संसदीय क्षेत्र सतना से चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति शनिवार 30 मार्च 2024 को अपना नामांकन पत्र संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के कक्ष क्रमांक एफ-2 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सतना में जमा कर सकते हैं। लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर और जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। अभ्यर्थी सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# म.प्र.पूर्व.वि.वितरण कम्पनी के सहायक अभियंता को 10 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने

**पन्ना।** जिले में भ्रष्टाचार को लेकर लोकायुक्त पुलिस की कार्यवाही इस दौरान अपने आप में स्वमेव जिले की तस्वीर को लेकर साबित कर रही हैं। किस तरह से हालात जिले में वहीं लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हांथों भले नहीं पाया पर आरोप ऑफिस में ही रूपये साथ ही कई तरह से स्वयं की कार्यवाही को उचित माना। जिले में भ्रष्टाचार की दास्तायें काफी चर्चा का विषय है। कहीं शिक्षा विभाग तो कहीं राजस्व विभाग सहित अब विद्युत विभाग के सहायक यंत्री तक पहुंची लोकायुक्त की कार्यवाही। पन्ना नगर में धरमसागर कार्यालय में सहायक अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी पन्ना में रत्नेश कुमार वर्मा के ऊपर विगत दिवस रात्रि लगभग 9 बजे कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जो कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों की कहानी बन गई। यह मामला आवेदक इमरान अली पिता स्व. सब्बीर अली निवासी वार्ड नम्बर -14 बेनीसागर मोहल्ला पन्ना के वाहन के बिल पास करने के एवज में 10 हजार रूपये की रिश्वत को लेकर लोकायुक्त पुलिस ने अपनी कार्यवाही के तहत रत्नेश कुमार वर्मा को धरा है। इस संबंध में जब यह लोकायुक्त पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक बी.एम. द्विवेदी से जाना गया जब हांथ में रिश्वत नहीं लेते नहीं पकड़ा तो रंगे हांथों की कार्यवाही कैसे। तो जवाब मिला यह हमारी कार्यवाही है कोर्ट में जो संबंधित को



कहना है वह वकील के माध्यम से भी कहते है हमारे विवेचना में जब कहीं न कहीं साक्ष्य होते है तो कार्यवाही तय होती है। हमारा किसी से कोई इंटेंशन नहीं होता। निश्चितौर पर लोकायुक्त पुलिस कहीं न कहीं मामले में अपनी पुष्टि पूर्व से ही तय कर लेती है। तभी तो कार्यवाही अंजाम तक पहुंचती है। साथ ही यहां कार्यालय में आवेदक के द्वारा जो राशि पहुंचाई गई रिश्वत को लेकर वह ही कार्यावाही का हिस्सा माना जा सकता है। वहीं अन्य साक्ष्य स्वयं लोकायुक्त पुलिस ही जान सकती है। वहीं आरोपी सहायक अभियंता रत्नेश वर्मा ने अगर कार्यवाही का कहीं विरोध नहीं किया तो इससे साफ जाहिर होता है कि आरोप व आरोपी अपने आप में क्या है। मामला चाहे जो हो पर जिले में भ्रष्टाचार की दास्तायें लोकायुक्त पुलिस की कार्यवाही से सुर्खियां बटोर रही है। क्या जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी इन कार्यवाहियों से सजग होगें अपने मातहतों को शासकीय विभागों में जहां बाखूबी पद के अनुसार शासन के द्वारा वेतन निर्धारण है। क्या इसमें गुजारा करना उचित नहीं क्या शासकीय सेवा में भ्रष्टाचार की राशि अधिकार मानी जा रही है। आखिर शासकीय सेवा में कहीं न कहीं लोगों के कार्यप्रणाली ही उनके प्रमोशन को लेकर आगे मुकाम तय करती है वहीं इस तरह की दास्तायें भ्रष्टाचार की कहानी से जुड़कर अपनी सेवाओं को ही समाप्त कर बैठती है। वहीं जिले का नाम विभागों में जिम्मेदारों की इन दास्ताओं से बदनुमा दाग की तरह शासकीय सेवाओं में चर्चित हो रहे है। आखिर जिले में भ्रष्टाचार की बढ़ती बेल को रोकने के लिए क्या जिम्मेदार अधिकारी होगें सजग ताकि पारदर्शी प्रशासन व जनहित लोक कल्याण कारी योजनाओं के साथ आम जनता में प्रशासन की छवि स्वमेव जिम्मेदारों से जो तय होती है वह जानी जाये।

## खबर संक्षेप



### विश्रामगंज घाटी के पास टैंकर पलटा, चालक घायल, बड़ा हादसा टला

**पन्ना।** अजयगढ़ रोड की विश्रामंगज घाटी में डीजल व पेट्रोल लेकर आ रहा एक टैंकर पलट गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बीना रिफाइनिंग डिपो से टेंकर क्रमांक एमपी 16 बीए 1987 अजयगढ़ के बहादुरगंज स्थित पैट्रोल पंम्प जा रहा था जो बीती रात विश्रामंगज घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे के संबंध में टैंकर चालक बीरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि वह बीना डिपो से अजयगढ के लिये आ रहे थे तभी अचानक विश्रामगंज घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक के सिर एवं पैरों में गंभीर चौटें आयी हैं। हेल्पर भी घायल हो गया है। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत की वजह से जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया है।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने म.प्र. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 अंतर्गत संपूर्ण पन्ना जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में आगामी दो माह तक नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनसामान्य के स्वास्थ्य हित व लोकशांति बनाए रखने के दृष्टिगत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर किसानों द्वारा धान, गेहूं इत्यादि फसलों की कटाई के बाद शेष नरवाई जलाने की गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा फसल कटाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर में भूसा मैनेजमेंट सिस्टम होना भी अनिवार्य है अन्यथा संबंधित किसान के साथ हार्वेस्टर संचालक के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। संबंधित एसडीएम, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, नगरीय निकायों व पुलिस अधिकारियों द्वारा आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### पांच अलग श्रेणियों के मतदान केन्द्र भी बनाए जाएंगे

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले की प्रत्येक विधानसभा में पांच अलग-अलग श्रेणियों के मतदान केन्द्र भी स्थापित किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा में पिंक, पीडब्ल्यूडी, मिक्सड, यूथ मैनेज्ड और मॉडल बूथ बनाए जाएंगे। हर विधानसभा में न्यूनतम 10 मतदान केन्द्रों को पिंक बूथ बनाया जाना है। इसमें केवल महिला मतदानकर्मी तैनात होंगी। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक मतदान केन्द्रों को पीडब्ल्यूडी बूथ बनाया जाएगा। इनका संचालन केवल दिव्यांग मतदानकर्मी करेंगे, जबकि प्रत्येक विधानसभा के कम से कम 50 मतदान केन्द्रों को मिक्सड बूथ बनाया जाएगा। इसमें दो मतदानकर्मी पुरूष और दो मतदानकर्मी महिला होंगी, जबकि हर विधानसभा में न्यूनतम दो मतदान केन्दों को यूथ मैनेज्ड बूथ बनाया जाएगा। यहां नवनियुक्त शासकीय सेवकों को मतदानकर्मी के रूप में तैनात किया जाएगा। हर विधानसभा में न्यूनतम 10 मतदान केन्द्र मॉडल बूथ के रूप में स्थापित होंगे। इसके लिए उन मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन किया जाएगा जिनमें प्रवेश व निकास का मार्ग और महिला-पुरूष के लिए पृथक-पृथक शौचालय हो। साथ ही रैंप, पानी, बिजली की व्यवस्था और भवन की साफ-सफाई व पुताई भी बेहतर हो।

# केन बेतवा लिंक परियाजनो : कमिश्नर सागर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** केन वेतवा लिंक परियोजना जो समूचे बुन्देलखण्ड के लिए महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है। इस संबंध में 28 मार्च 2024 को पन्ना टाईगर रिजर्व कार्यालय में भोपाल से प्रवास पर आये एच.एस. मोहंता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भूप्रबंध मध्यप्रदेश भोपाल की अध्यक्षता में जहां केन वेतवा लिंक परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित 6017 हेक्टेयर भूमि के बदले प्राप्त होने वाली भूमि की अधिसूचना जारी कराने के संबंध में प्रगति को लेकर बैठक के माध्यम से जानकारी ली गई। वहीं बैठक में क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व वन मण्डल अधिकारी उत्तर एवं दक्षिण वन मण्डल एवं उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व की मौजूदगी में यह कार्यवाही की दिशा को लेकर बैठक के माध्यम से हालात जाने गये। वहीं इसी तारतम्य में दिनांक 29 मार्च को कमिश्नर सागर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में केन वेतवा लिंक परियोजना के संबंध में जल संसाधन विभाग राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय के साथ डूब क्षेत्र की प्रभावित भूमि के बदले में प्राप्त होने वाली भूमि की अधिसूचना जारी कराने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जहां क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व के अतिरिक्त कलेक्टर पन्ना, पुलिस अधीक्षक पन्ना, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब बात यह है कि जहां केन वेतवा लिंक परियोजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए इस समय मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से जिम्मेदार प्रशासन के अधिकारियो के द्वारा जो कार्यवाही की जा रही है वह कहीं न कहीं अपने आप में इस समय पूर्व से जो कार्यवाही संचालित थी यानि उसको आगे अंजाम तक दिशा देने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सलेहा थाना अंतर्गत ग्राम बंधूर के पास नागेन्द्र उर्फ नत्थू राजा की मिली लाश, परिजनों ने की पुष्टि

**सड़क के पास लाष को प्रथम दृष्टया एफ.एस.एल. अधिकारी सागर से बुलाकर बारीकी से कराया गया परीक्षण जिसमें सडक दुघर्टना प्रतीत होना वहीं पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले का पर्दाफास किये जाने की बात बताई जा रही है...**



**पन्ना।** मामला सलेहा थाना अंतर्गत ग्राम लमकुष निवासी नागेन्द्र उर्फ नत्थू राजा की डेथ वॉडी ग्राम बंधूर के पास सड़क की पुलिया के पास मिली थी। जहां परिजनों ने पहचान भी की। उक्त लाश की सिनाख्त के रूप में नत्थू राजा निवासी लमकुष उम्र 38 वर्ष बताया गया। वहीं मामले को गंभीरता से देखते हुए सलेहा पुलिस ने जहां जिला मुख्यालय से एफ.एस.एल. टीम तथा सागर से एफ.एस.एल. अधिकारी की उपस्थिति में बारीकी से घटना सलि में मिली लाष को लेकर तथ्य व साक्ष्य के साथ परीक्षण किया गया। वहीं प्रथम दृष्टया सड़क दुघर्टना प्रतीत होना माना जा रहा है। फिर भी सलेहा पुलिस उक्त मामले में पीएम के बाद ही स्पष्टतौर पर कहने की बात कह रही है। आखिर विवेचना पूर्ण होने के बाद ही पर्दाफास हो सकेगा। उक्त घटना के बारे में कैसे हुई मौत पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं परिजन भी इस घटना को लेकर आक्रोषित है। किस तरह से मौत हुई यह तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं प्रथम दृष्टया सड़क दुघर्टना से मौत होने की आषंका भी जाहिर की जा रही है। अब देखना यह है कि वास्तविकता में पीएम रिपोर्ट में क्या सामने आता है जिससे उक्त मामले का होगा पर्दाफास कैसे हुई मौत नागेन्द्र उर्फ नत्थू राजा की। जो सड़क के पास पुलिया में मोटरसाईकिल के साथ उक्त युवक की लाष मिली थी।

## संभागायुक्त ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



पन्ना। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन संपन्न कराने के निर्देश दिए। चुनाव के दृष्टिगत अब तक की तैयारियों व आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेकर समयावधि में कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित भी किया। कमिश्नर डॉ. रावत ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का अवलोकन भी किया। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में स्थापित विभिन्न कक्षों तथा मतगणना स्थल पर प्रवेश व निकास, पार्किंग एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में आयोग की गाइडलाइन अनुसार समय पूर्व आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष का निरीक्षण कर समय पूर्व सभी मूलभूत व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए कहा। इस मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।

## पन्ना पुलिस द्वारा अपहृत बालिका को 2 घण्टे के अंदर दस्तयाब कर किया गया परिजनों के सुपुर्द

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनु0 अधि0 पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के अलग दृअलग थानो में दर्ज अपहरण के प्रकरणों में अपहृत बालक- बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमो की सहायतार्थ अपहृत बालक/बालिकाओं के संबंध में जानकारी एकत्रित करने हेतु पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना



बृजपुर में दिनांक 28.03.24 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना बृजपुर मे अप.क्र. 81/24 धारा 363 भा.द.वि. कायम किया गया जाकर उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अपहृत बालिका की तलाश कर दस्तयाबी हेतु प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की अपहृता को 02 घण्टे के अंदर ग्राम उमरी बृजपुर से दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

### सराहनीय योगदान

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह ,सायबर सेल प्रभारी अनिल सिंह राजपूत, सउनि प्रमोद बागरी ,प्र.आर. रामपाल बागरी ,आर. बबलू कुमार ,त्रिवेन्द्र यादव एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# अक्षय तृतीया पर नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह

पन्ना। अक्षय तृतीया और शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े विभिन्न गैरसरकारी संगठनों के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राजधानी नई दिल्ली में जुटे और इस दौरान होने वाले बाल विवाहों को रोकने की रणनीति पर चर्चा की। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए इस क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 'वी फॉर हर फाउंडेशन' और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोग से इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड ने किया।शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर गांव-देहात में काम कर रहे। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए यह काफी महत्वपूर्ण समय है क्योंकि इस दौरान देश में हजारों की संख्या में बच्चों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है। खास तौर से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में अक्षय तृतीया का त्योहार बाल विवाह की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश भर क161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जरूरी 'टिपिंग प्वाइंट'यानी वह मुकाम जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म होने लगेगा, को हासिल करने के लिए जमीनी अभियान चला रहे हैं। कार्यशाला में मौजूद पन्ना के गैरसरकारी संगठन संकल्प समाज सेवी संस्था के निदेशक संदेश बंसल ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं बाल विवाह की रोकथाम के लिए जमीनी अभियान चला रहे कार्यकर्ताओं के सामने आ रही चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में सक्षम बनाने में सहायक होंगी। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार, लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाने औरबाल विवाह रोकने की दिशा में अनथक प्रयास कर रहे हैं।कार्यशाला में आने वाले शादी ब्याह के मौसम में बाल विवाह की रोकथाम के लिए इन कार्यकर्ताओं को अदालत से निषेधाज्ञा आदेश लाने, प्रत्येक गांव का जनसांख्यिकीय अध्ययन और बाल विवाह की दृष्टि से संवेदनशील परिवारों की पहचान, धार्मिक स्थलों के सामने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने वाले तथा इस मंदिर या मस्जिद में बाल विवाह नहीं कराए जाते हैं जैसे पोस्टर लगाने, पंचायत भवनों में बाल विवाह कराने या इसमें शामिल होने पर होने वाली सजा के बारे में जानकारी देने वाले पोस्टर लगाने सहित तमाम उपायों पर चर्चा की गई।

# व्यय प्रेक्षक ने ली बैठक

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक राजेन्द्र बी जोशी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। इस मौके पर व्यय अनुवीक्षण के तहत की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यालय और सभी आठ विधानसभावार नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षकों से भ्रमण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में एसएसटी, एफएसटी और व्हीएसटी टीम के अधिकारी-कर्मचारियों को आयोग के निर्देशानुसार दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। व्यय प्रेक्षक श्री जोशी ने एफएसटी टीम को वाहन व डीजल व्यवस्था सहित अविलंब वीडियोग्राफर भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में समुचित प्रशिक्षण की बात भी कही। साथ ही एसएसटी टीम द्वारा नवीनतम तकनीक का उपयोग करने, लोकेशन शेयर करने, एक स्थल से मॉनीटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। इसी तरह जिले के सभी 16 नाकों पर पंजी व ड्यूटी रजिस्टर की उपलब्धता, निर्धारित फॉर्मेट पर रजिस्टर संधारण के लिए निर्देशित किया। सभी सहायक व्यय प्रेक्षकों को




एसएसटी नाकों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने और समन्वय के साथ किसी भी समस्या के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने कटनी जिले की विधानसभा मुड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, छतरपुर जिले की विधानसभा चंदला एवं राजनगर के सहायक व्यय प्रेक्षकों से वर्चुअली संवाद कर भ्रमण व की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी नाकों पर आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था, वाहनों की चेकिंग इत्यादि के लिए निर्देशित किया गया। कन्ट्रोल रूम, एमसीएमसी व सीसीटीव्ही मॉनिटरिंग कक्ष देखा व्यय प्रेक्षक ने कलेक्टर कार्यालय में स्थापित निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, सीसीटीव्ही मॉनीटरिंग कक्ष और एमसीएमसी कक्ष का अवलोकन भी किया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों से ड्यूटी व सौंपे गए दायित्वों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। िविभिन्न पंजियों व संधारित किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में पूछा। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले में स्थापित विभिन्न एसएसटी नाकों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया।

## परिजनों ने नव विवाहिता को किया परेशान तो उसने लगा ली थी आग? इलाज के दौरान हो गई थी मृत्यु?



**गुनौर।** मृतक के परिजनों द्वारा जगह-जगह आवेदन देने पर नहीं हो रही कहीं सुनवाई मध्य प्रदेश शासन के आदेश है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान मध्य प्रदेश के मुखिया चला रहे हैं जिसमें आज के समय के अनुसार बेटियों की कोई इज्जत नहीं परिजनों द्वारा सीएम हेल्पलाइन से लेकर एसपी एवं महिला आयोग एवं थाना किशनगढ़ तथा एसडीओपी बिजावर्तक आवेदन डाक द्वारा भेजे गए लेकिन तनक भी अधिकारियों को सर में जून तक नहीं रेगी जिसमें इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी अधिकारी अपनी गहरी नींद पर सो रहे हैं जिसमें स्पष्ट जाहिर होता है कि जिसके द्वारा इस तरह का मेरी बेटी के साथ गलत व्यवहार किया है उन परिजनों को सजा मिलना उचित होगा क्योंकि अगर ससुराल पक्ष की चाहते होते तो ऐसा कभी नहीं हो सकता क्योंकि कोई भी हो चाहे मर्द हो एवं औरत हो आत्महत्या कोई नहीं कर सकता है। गौरतलब बात यह है कि जब मृतक खत्म हो गई तो परिजन संस्कार करने के लिए पहुंचे लेकिन इसके पहले ही थाना किशनगढ़ पहुंचकर सूचना दी एवं कहा गया कि हमारी रिपोर्ट ले लो लेकिन वहां पर भी एक पुलिस वाला मिला लेकिन उसने कहा कि पहले संस्कार हो जाने दो इसके बाद 13 दिन बाद आकर रिपोर्ट लिखवा देना लेकिन इसके बाद भी परिजन पहुंचे लेकिन फिर भी टाल मटोल कर दिया पता चला है कि थाना किशनगढ़ की पुलिस को कुछ ना कुछ खर्चा पानी मिल गया हो होगा। इसलिए पुलिस चुपचाप बैठी हुई है एवं सत्ताधारी अपनी रोब खींचते हुए हो सकता है की मृतक के ससुराल पक्ष में लगे हुए हैं इनको भी साथ-साथ कुछ ना कुछ भगवान करें इनको भी अनुभव मिलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अग्र बंधुओं और महिलाओं ने खेली बिना रंग के फूलों की होली

**छतरपुर।** अग्र बंधुओं का होली मिलन समारोह सटई रोड स्थित अग्रवाल मैरिज गार्डन में बिना रंग के मनाया गया। अग्र बंधुओं के द्वारा फूलों की होली खेली गई जिसमें राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ सभी अग्र बंधुओं ने मिलकर होली खेली। राधा कृष्ण नृत्य के साथ समाज की महिलाओं ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देते हुए फूलों की होली खेली। समारोह में महिलाओं की एवं पुरुषों की कुर्सी दौड़, नाम पर्ची ,पंचुअलिटी वाली प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता के बाद विजेता को पुरस्कार वितरण किया गया।

### अशासकीय स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश का द्वितीय चरण 2 अप्रैल से

**छतरपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश के द्वितीय चरण के लिए समय सारणी जारी की गई है। जिला परियोजना समन्वयक अरूणशंकर पाण्डेय ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया के तहत रिक्त सीटों में 2 से 4 अप्रैल तक आवेदकों द्वारा स्कूलों की चॉइस अपडेट की जा सकेगी। 8 अप्रैल को द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। द्वितीय चरण में लॉटरी में चयनित आवेदक 12 से 18 अप्रैल तक आवंटन पत्र डाउनलोड करके आवंटित स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल एप से एडमीशन रिपोर्टिंग की जा सकेगी।

### खजुराहो ट्रेडिंग कंपनी पर जीएसटी टीम का छापा

**छतरपुर।** शुक्रवार को छतरपुर की खजुराहो ट्रेडिंग कंपनी नामक फर्म पर सतना जीएसटी टीम ने कार्रवाई की है। उक्त टीम ने फर्म संचालक के घर, फर्म कार्यालय और गोदाम पर छापा मारकर दस्तावेज जप्त किए हैं, जिनसे लेन-देन का मिलान किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सतना से आई 25 सदस्यीय जीएसटी टीम द्वारा व्यापारी गिरीश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल और सतीश अग्रवाल की फर्म खजुराहो ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई की जा रही है। असिस्टेंट कमिश्नर विवेक दुबे के नेतृत्व में अग्रवाल परिवार के निवास पर, राजीव गोयल के नेतृत्व में फर्म कार्यालय में तथा दिलीप सिंह और नवीन दुबे के नेतृत्व में गोदाम पर कार्रवाई की गई। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टीम ने तीनों स्थानों पर एक साथ छापा मारा और दस्तावेजों में लेन-देन का मिलान किया।

### बाघ के हमले से बुजुर्ग घायल



**उमरिया।** बीटीआर अंतर्गत धमोखर परिक्षेत्र के बदरेहल बीट में टाइगर ने फिर इंसान पर हमला किया है, देर शाम करीब 5 बजे हुई इस घटना में बहादुर सिंह पिता मरदन सिंह मरावी उम्र 65 निवासी बदरेहल के गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जानकारी पर मौके पर पहुंची, सम्बंधित पार्क टीम घायल को जिला अस्पताल लाये है,जहाँ फिलहाल घायल इलाजरत है। इस घटना में घायल का गला और चेहरा गम्भीर रूप से चोटिल बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो घायल अपने मवेशियों को लेकर वापस घर की ओर आ रहा था, तभी बदरेहल बीट के आरएफ 103 के करीब झाड़ियों की ओट में छिपे बाघ ने हमला किया है।

---

पुलिस ने जप्त किए अवैध हथियार और वाहन

# हरिओम हत्याकांड की साजिश में शामिल 7 अन्य आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर

**गत 25 मार्च को होली के मौके पर पुरानी रंजिश के चलते हुई हरिओम शुक्ला की हत्या के मामले में पुलिस ने पूर्व में 4 लोगों को आरोपी बनाया था, किंतु मामले की विवेचना के दौरान पुलिस के सामने सात अन्य लोगों के नाम आए, जो कि हत्या की साजिश में शामिल थे और इनके द्वारा हत्यारोपियों को हथियार, वाहन आदि उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस ने सातों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से अवैध हथियार और वाहन जप्त किए हैं। शुक्रवार को एएसपी विक्रम सिंह ने पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में इस आशय की विस्तृत जानकारी दी।**



एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि घटना दिनांक को 4 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान इस बात की भी पड़ताल की गई कि आरोपियों के पास हथियार कहां से आए। इस बिंदु की विवेचना में पुलिस को 7 संदेही अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा निवासी गहरवार, सुमित कुशवाहा पाठपुर रोड, आकाश शर्मा उर्फ अक्कन पठापुर रोड, अजय राजपूत देरी रोड, अजय राय ग्राम देरी, मोनू विश्वकर्मा मऊ दरवाजा और विश्वनाथ प्रताप सिंह बुंदेला ग्राम सरकर जागीर जिला टीकमगढ़ के बारे में जानकारी मिली। उक्त सातों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर उन्होंने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपी अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा ही अवैध हथियारों का विक्रय किया गया था। इसके अलावा अन्य आरोपियों ने अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी अभिषेक सिंह परिहार अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि हरिओम हत्याकांड में पुलिस ने अब तक कुल 11 आरोपी बनाए हैं, जिनमें से 10 की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### आरोपियों के पास मिले अवैध हथियार और वाहन

एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि अवैध हथियारों का विक्रय करने वाले अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा के कब्जे से एक अधबनी पिस्टल, कट्टा बनाने की फैक्ट्री का सामान एवं 26 प्रकार की मशीनें जप्त की गई हैं। इसके अलावा आरोपी मोनू विश्वकर्मा से एक स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमएच 01 पीए 4603, आरोपी अजय राय से वैन्यू कार क्रमांक एमपी 16 सीबी 7806, आरोपी अजय राजपूत से एक मोबाईल, आरोपी सुमित कुशवाहा से पैशन-प्रो मोटरसाइकिल और आरोपी विश्वनाथ प्रताप सिंह से एक स्कूटी जप्त की गई है।

---

विश्वनाथ कॉलोनी में हुए गोलीकाण्ड का आरोपी पकड़ा गया

# 16 साल की नाबालिग लड़की को मारी गई थी गोली

छतरपुर

**सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने 18-19 मार्च की दरम्यानी रात शहर के विश्वनाथ कॉलोनी इलाके में रहने वाली संतोषी तिवारी नामक महिला के घर पर हुए गोलीकाण्ड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मंजू पटैरिया ने घटना दिनांक को 16 वर्षीय लड़की भूमि शुक्ला के पैर में गोली मार दी थी जिससे वह घायल हुई थी।**

एएसपी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि इस गंभीर मामले में एसपी अगम जैन के द्वारा एक टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस ने बड़ामलहरा क्षेत्र के जंगलों से मुखबिर की सूचना के बाद आरोपी मंजू पटैरिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने संतोषी तिवारी के घर पर हुए तात्कालिक विवाद के चलते कानपुर निवासी भूमि शुक्ला को गोली मारी थी। मंजू पटैरिया एक शातिर अपराधी है जिस पर पहले से ही 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

# स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर

## डीआईजी के साथ लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**छतरपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को संभागायुक्त वीरेन्द्र सिंह रावत ने छतरपुर डीआईजी ललित शाक्यवार एवं अन्य अधिकारियों के साथ शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में बनाए गए चुनाव के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव के बाद इसी स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनें रखी जाएंगी। लिहाजा कमिश्नर ने इस स्ट्रांग की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम के एक-एक कक्ष में जाकर जांच-पड़ताल की। अधिकारियों से मशीनों के परिवहन, उनके रखरखाव और सुरक्षा के संबंध में चर्चा की। इस स्ट्रांग रूम में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था तैनात किए जाने हेतु पुलिस को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर बलवीर रमण सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

# दो बहनों ने किया ब्रह्माकुमारी में जीवन समर्पित



छतरपुर

जिले के गढ़ीमलहरा एवं ग्राम गोरारी से कु. प्रभांशी चौरसिया एवं कु. प्रीति कुशवाहा ने अपने मात-पिता, परिवार एवं सभी स्वजनों को संतुष्ट करते हुए बहुत ही साहसिक कदम उठाकर ब्रह्माकुमारीज़ के माध्यम से स्वयं का, परिवार का एवं सभी स्वजनों के कल्याण की भावना से आजीवन पवित्र रहकर ईश्वरीय मत पर चलने के लिए दृढ़ संकल्पित हुई हैं। उनकी इस साहसिक कदम की कद्र करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ किशोर सागर छतरपुर द्वारा गढ़ीमलहरा में ढोल बाजे के साथ शिव प्रतिमा को एवं दोनों बहनों को रथ पर विराजित कर कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा का नगर के लोगों द्वारा जगह-जगह पंडाल लगाकर फल -फूल, शरबत, ठंडे पानी के द्वारा बड़ी उत्साह से स्वागत किया गया एवं दोनों बहनों की सहेलियों ने शिव बारात में डांस करके अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ने समस्त स्टाफ के साथ स्वागत बधाई के उपरांत समापन को एक भव्य समारोह का रूप देकर सम्मानित किया। इसी तारतम्य में छतरपुर किशोर सागर में भी बधाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बहनों के सभी संबंधियों ने भाग लिया और समर्पण के वास्तविक महत्व को समझ शिव परमात्मा के साथ एक नया संबंध जोड़ा और उन्हें दामाद के रूप में से स्वीकार अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तक शिव पार्वती विवाह सुनते थे लेकिन आज हमने साक्षात रूप में देख लिया इसकी हमें बहुत खुशी है। इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने कहा समर्पण प्रभु के प्रति प्रेम की पराकाष्ठा है जो ईश्वरीय नवनिर्माण के कार्य में विश्व सेवा के लिए अपना तन मन सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देता है। जिंदगी भगवान की दी हुई अमानत है और उसे भगवान की सेवा में लगाना ही सच्चा समर्पण है। इस मौके पर बिजावर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके प्राची, लवकुश नगर से बीके सुलेखा, खजुराहो से नीरजा बहन, द्रोपती, उषा, नम्रता बहन सहित छतरपुर की समस्त बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन बड़ामलहरा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रूपा बहन द्वारा किया गया।

**प्रभु सेवा में लगाना ही सच्चा समर्पण है**

---

# पूर्व विधायक ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा भाजपा का दामन



छतरपुर

लोकसभा चुनाव से पहले छतरपुर में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक और कद्दावर नेता शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा तथा उनके पुत्र सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। बसारी में चल रहे बुंदेली उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में मुन्ना राजा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से मुन्ना राजा सहित सभी समर्थकों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक मुन्ना राजा ने कहा कि जिस पार्टी की मैंने लगभग 4 दशक तक सेवा की, आज उस पार्टी की सोच बड़ी होने की बजाय इतनी संकुचित हो गई है कि पार्टी के नेता हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम तक का अपमान करने से नहीं चूक रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति और पार्टी हमारे आराध्य से बड़ी नहीं हो सकती इसलिए अपने सभी साथियों और समर्थकों से विचार-विमर्श करने के उपरांत उन्होंने वहां जाने का निर्णय लिया है, जहां हमारे आराध्य का सम्मान है। उन्होंने मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री से आग्रहपूर्वक कहा कि उन्हें सरकार से कुछ नहीं चाहिए लेकिन हमारे जो समर्थक और कार्यकर्ता आज भाजपा में शामिल हुए हैं उनका सम्मान बरकरार रखा जाए। उल्लेखनीय है कि मुन्ना राजा के साथ सटई नगर परिषद की अध्यक्ष माया शर्मा, सटई के कांग्रेसी नेता राजेश शर्मा, सटई के सभी पार्षद, पूर्व साडा अध्यक्ष अवध अवस्थी, सदर राजनगर डॉक्टर मुराद अली, देवेंद्र प्रताप सिंह दिल्लू राजा, लखन दुबे, डॉक्टर महेश सैनी बमीठा के कांग्रेस नेता जमाल खान सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुन्ना राजा ने क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा द्वारा अपने कार्यकाल में क्षेत्र कि जए किए गए विकास कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक अरविंद पटैरिया, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष करुणेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री बोले सरकारी बनेगा बुन्देली उत्सव

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा द्वारा बुंदेली संस्कृति को सहेजने और इसके प्रचार-प्रसार हेतु आयोजित किया जा रहा यह बुंदेली उत्सव सराहना के योग्य है।

---

# श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर आयोजित हुई बैठक

## धूमधाम से निकाली जाएगी श्रीराम की शोभायात्रा



छतरपुर

श्री राम जन्मोत्सव मनाने को लेकर गुरुवार को श्री लड्डु गोपाल मंदिर में श्री रामसेवा समिति की एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी राम भक्त उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2024 से आगामी 2 वर्ष के लिए श्री राम सेवा समिति के संयोजक पद के लिए पंकज पहारिया का चयन किया गया। उसके पश्चात सामूहिक रूप से समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी की शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजार, महल, छत्रसाल चौराहा, चौबे तिगड्डा, बस स्टैंड होते हुए वापस चौक बाज़ार पर समापन किया जाएगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों को सजाने की जिम्मेदारी के लिए राम भक्तों का चयन किया गया तथा आगामी 2 अप्रैल को तपस्या भवन में श्रीराम सेवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह समिति द्वारा किया गया है। प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी की जिम्मेदारी के दायित्व के लिए सुरेंद्र साहू का चयन किया गया है।

---

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छतरपुर की बेटियों ने किया कमाल

**पंजाब प्रांत के संगरूर जिले में आयोजित 31वीं अंतर्राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया है। उक्त टीम में छतरपुर की तीन खिलाड़ी हेमलता गंधर्व, रक्षा कुशवाहा और अंजलि यादव शामिल थीं। इसके अलावा पड़ोसी जिले पन्ना की दीपिका कुशवाहा भी इस टीम का हिस्सा थीं।**



घर वापिस लौटने पर हुआ भव्य स्वागत एवं सम्मान

छतरपुर।

उक्त सभी खिलाड़ियों ने संपूर्ण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के वापिस लौटने पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 31वीं अंतर्राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम का पहला मुकाबला उड़ीसा, दूसरा हरियाणा और तीसरा महाराष्ट्र की टीम से हुआ जिनमें मध्यप्रदेश की टीम ने जीत हासिल की। चौथा मुकाबला यानि कि सेमीफाइनल मैच दिल्ली से था जिसमें मध्यप्रदेश की टीम को हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में शामिल होकर वापिस घर लौटी सभी खिलाड़ियों का शहर के एक निजी होटल में दनादन ग्रुप के डायरेक्टर दिलीप शर्मा उर्फ दीपू दादा बड़े किसान ने शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को एक-एक तुलसी का पौधा भी भेंट स्वरूप दिया गया। इस मौके पर बेसबॉल एसोसिएशन के सचिव मानसिंह, रामकृष्ण जाटव, मनीष साहू, करण सिंह यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोतीलाल साकेत ए.आई.एफ.बी.के होंगे रीवा लोकसभा प्रत्याशी



**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक रीवा संभाग की एक आवश्यक बैठक मध्यप्रदेश के जनरल सेक्रेट्री श्री अरुण प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं संभागीय अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जनरल सेक्रेट्री श्री अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगा जिसमें इन्दौर, भोपाल, भिण्ड, खजुराहो, रीवा प्रमुख है। उन्होंने रीवा लोकसभा 10 से अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोतीलाल साकेत का नाम घोषित किया, खजुराहो सीट से सेवा निवृत्त कमिश्नर राजा भैया प्रजापति को प्रत्याशी बनाया गया है वहीं भिण्ड से विजय सिंह शाक्य को लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया। भोपाल एवं इन्दौर सीट के प्रत्याशी की घोषणा अगले लिस्ट में की जायेगी। बैठक में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल, मोतीलाल साकेत, अजय यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए लगातार की जा रही अंतर्राज्जीय वार्डर में वाहन चेकिंग



**रीवा ।** रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एवं आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु रीवा जिले की सीमा से लगे क्षेत्रों एवं उ.प्र. की सीमा के क्षेत्रों में लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है साथ ही शहरी क्षेत्र मे भी लगातार वाहन चेकिंग कर लोगो को आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु समझाइस दी जा रही है । वाहन चेकिंग के दौरान अवैध तस्करी एवं चुनाव प्रचार सामग्री का परिवहन करनें वाले लोगो पर सख्ती से नजर रखी जा रही है।

### व्यय प्रेक्षक पहुंचे रीवा, आमजन उनके मोबाइल नंबर 8109904612 पर कर सकते हैं संपर्क

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में व्यय की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव रीवा पहुंच गये हैं। उनका मोबाइल नंबर 8109904612 है। व्यय प्रेक्षक श्री यादव से उनके मोबाइल नंबर पर आमजन संपर्क कर सकते हैं।

### जमीनी विवाद में वृद्धा की हत्या, एडीजीपी पहुंचे मौके पर

**अनूपपुर।** थाना जैतहरी क्षेत्र के ग्राम कुकुरगोड़ा के छेरियान टोला मे एक 63 वर्षीय वृद्ध महिला मति बाई पति स्व. वीर सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के भांजे का लड़का भेलन सिंह से वृद्धा की लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद पर उक्त युवक ने चिमटा से वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही थाना जैतहरी प्रभारी पीसी कोल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अलावा शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर भी घटना स्थल पहुंचे जहां उन्होने मौके का मुआयना कर आरोपी पर 30 हजार का ईनाम भी घोषित किया है। जानकारी के अनुसार मृतिका के साथ पूर्व मे भी आरोपी ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने जगह जगह तलाश की जा रही है।

---

**व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में व्यय लेखा निगरानी दलों की बैठक संपन्न**

# निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करें - व्यय

**रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, मीडिया सर्टिफिकेशन, लेखा दल के प्रभारी अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल व पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह भी उपस्थित रहे।**



बैठक को संबोधित करते हुए व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दलों के चुनाव खर्च की निगरानी के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया है। निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग दल में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गयी गाइडलाइन के अनुसार ही निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग सुनिश्चित की जाय। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा स्वंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। निर्वाचन व्यय, लेखा निगरानी दलों के सदस्यों की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है इसलिए उन्हें अत्यधिक सजग होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना आवश्यक है। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए गठित दलों को आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए समय सीमा में प्रतिवेदन भेजना जरूरी है इस लिए सभी को अपना कार्य मुस्तैदी से करते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनसभा, पोस्टर, बैनर, विज्ञापन सहित अन्य खर्चों पर निगरानी रखने के साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन एवं उपहार आदि के वितरण पर भी कार्यवाही करें। स्थैतिक दल निर्धारित नाकों में लगातार जांच की कार्यवाही करें। समस्त कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाय। वीडियो सर्विलेंस दल के सदस्य पूरी सावधानी से वीडियो बनाते समय वीडियो के प्रारंभ में विवरण का प्रस्तुतिकरण करें तथा वीडियो समाप्त होने के बाद उसमें किये गये रिकार्डिंग का उल्लेख करें। सभा, जुलूस, रैली आदि के वीडियो बनाते समय उसमें शामिल वाहनों की संख्या, नंबर, प्रचार सामग्री, तम्बू, कुर्सियों, लाउडस्पीकर से लेकर चुनाव प्रचार के लिए, उपयोग की गयी प्रत्येक सामग्री का स्पष्ट वीडियो तैयार करें तथा उसे स्वयं देखने के बाद ही भेजना सुनिश्चित करें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि उम्मीदवार के विज्ञापन, पेडन्यूज तथा इलेक्ट्रानिक चैनल व सोशल मीडिया में भी विज्ञापन का खर्चा जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी प्रत्याशी चुनाव में 95 लाख रूपये तक की राशि खर्च कर सकता है। उम्मीदवार द्वारा किये गये खर्च का निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार परीक्षण व्यय दल द्वारा किया जायेगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सभी निर्वाचन व्यय टीमों का कार्य प्रारंभ हो गया है। आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार दलों द्वारा चुनाव खर्च की निगरानी की जा रही है। चुनाव प्रचार में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन, संपत्ति विरूपण तथा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर वैधानिक कार्यवाही होने के साथ ही चुनाव खर्च में इसकी राशि शामिल की जायेगी। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय मानीटरिंग दल के सदस्यों से किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिये। इससे पूर्व उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने जिले में निर्वाचन व्यवस्थाओं के संबंध में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित निर्वाचन व्यय मानीटरिंग के विभिन्न दलों के सदस्य उपस्थित रहे।

## मऊगंज बीरो राष्ट्रवादियों की धरती जनार्दन मिश्रा



**रीवा।** रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मऊगंज विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चुनावी जनसंपर्क करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है हमें 2003 के पहले की कांग्रेस शासन को याद रखना चाहिए जिसके कारण रीवा से मऊगंज आनेमें पूरा दिन लग जाता था आज मऊगंज विकास की नई इमारत लिख रहा भाजपा सरकार ने मऊगंज के स्वप्न को साकार करते हुए जिले की सौगात दी और आज मऊगंज हर दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भाजपा जो कहती है उसे हमेशा पूरा करती है मोदी जी हर गारंटी को पूरा करने की गारंटी है रीवा सांसद ने कहा कि मऊगंज धरती को मैं सदैव प्रणाम करता हूं यह भूमि वीरों राष्ट्रवादियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सनातनियों की है भाजपा ने गरीब कल्याण से लेकर हर वर्ग की चिंता करते हुए सभी के कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया है और सभी को उचित अवसर देकर जन-जन के विकास को पूरा किया यह चुनाव राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने वाला चुनाव है हर मतदान केंद्र में भाजपा की पूर्ण विजय के लिए मऊगंजबासी प्रत्याशी बनाकर यह चुनाव लड़े जनसंपर्क के दौरान अनिरुद्ध शर्मा मनोज चतुर्वेदी नरेंद्र तिवारी श्रीमति संतोष सिंह सिसोदिया छत्रपाल सिंह चंद्रकांत मिश्रा शैलेंद्र सिंह दुबे रामलाल गुप्ता राजकुमार पटेल भगवान शुक्ला महेंद्र सिंह दशरथ पटेल कमलभान सिंह विनोद गौतम बिहारी लाल सही कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मैहर पुलिस में नहीं सुनी फरियाद तो महिला पहुंची आईजी कार्यालय लगाई न्याय की गुहार



रीवा । ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक नवब्याहता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए नवब्याहता ने रीवा आईजी कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। मैहर जिले के नरौरा निवासी कशिश तिवारी पत्नी दीपक ने आईजी कार्यालय दिए शिकायत पत्र में बताया है कि उसका ब्याह 29 मई 2023 को हुआ था। दहेज में दो लाख रुपए की मांग करते हुए ससुराल पक्ष वाले प्रताड़ित करने लगे। ससुराल मे मुझे दिन भर भूखा रखा जाता था एवं बाथरूम में व गेट में ताला लगा दिया जाता था। वह प्रताड़ना से तंग आकर अपने मायके चली गई, वही जब मैं अपने मायके आ गई तो पति एवं ससुर मेरे आकर मेरे साथ गाली गलौच एवं मारपीट पर आमादा होते थे। मैं अपनी जान बचाकर वृन्दावन धाम चली गई लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष वाले फोन से जान से मारने की धमकी देते है महिला ने आरोप लगाया कि मैहर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, इसलिए वह फरियाद लेकर आईजी ऑफिस आई है। उसने घटना की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

एक महिला आई थी जिन्होंने अपने ससुराल पक्ष के ऊपर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है जांच के आदेश दिए गए हैं जांच मे सिद्ध होने के उपरांत विधि संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी

**महेंद्र सिंह सिकरवार**
**पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज**

## जनता के बीच इन्हें देना चाहिए अपना 10 साल का रिपोर्ट कार्ड : नीलम मिश्रा

**ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओ उमड़ रही महिलाओं की भीड़**

**रीवा।** राष्ट्रीय कांग्रेस की लोकसभा क्षेत्र रीवा की प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा आज विभिन्न सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क के दौरान वर्तमान सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 साल के दौरान पार्टी के सांसद ने ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए कोई ऐसे काम नहीं किया जिसे जनता याद रख सके। इन्होंने कहा कि 10 साल का कार्यकाल बहुत होता है, अगर वह इच्छा शक्ति के साथ चाहते तो विकास ही विकास दिखाई देता। इन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान वह जिस गांव में जा रही हैं, वहां के लोग समस्याओं की झड़ी लगा देते हैं। हैंड पंप खराब पड़े हैं, नल जल योजना का लाभ नहीं के बराबर लोगों को मिल रहा है, पानी के लिए लोग अभी से कई जगह भटक रहे हैं। लेकिन सत्ता प्राप्त कर चुके यहां की संसदीय इलाके के सांसद को जनता की समस्याओं को देखने की फुर्सत नहीं है। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने स्थानीय जनता से कहा कि अगर वह उन्हें आशीर्वाद देते हैं तो सबसे पहले वह मूलभूत समस्याओं के निराकरण पर ही अपना ध्यान केंद्रित करेगी। क्योंकि इन्हीं छोटी-छोटी समस्याओं के चलते उन्हें अपने जीवन यापन में दिक्कत आती है। इसके अलावा इन्होंने आश्वस्त किया है कि इस क्षेत्र में बेरोजगारी और



पलायन की समस्या जबरदस्त है, इस दिशा में भी भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने जरा सा भी कार्य नहीं किया है। स्थानीय उद्योगों में यहां के बेरोजगारों को जगह नहीं मिल रही है। इसके लिए वह विशेष कार्य योजना बनाकर स्थानीय बेरोजगार युवाओं का पलायन रोकने हुए स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने गुढ़ विधानसभा अंतर्गत रायपुर कर्चुलियान ब्लॉक के कोष्ठा, बेलहा, चोरगड़ी, सिरखानी, भलुहा, पैपखरा, बारहदी, बुड़वा में आयोजित जनसभा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लिया । हम सब मिलकर यह चुनाव लड़ेंगे और यह जीत जनता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

## बसपा ने अभिषेक को मैदान में उतार कर बिगाड़ दिया भाजपा-कांग्रेस का समीकरण

**रीवा।** बहुजन समाज पार्टी ने रीवा लोकसभा सीट में ओबीसी चेहरे पर दांव लगाकर ब्रा हण प्रत्याशियों के माथे पर बल ला दिया। गुरूवार को जारी सूची में रीवा लोकसभा सीट पर बीएसपी ने अभिषेक पटेल का अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस बात की खबर जैसे ही राजनीति के गलियों में आई तो इस बात की चर्चा होने लगी कि ब्रा हण प्रत्याशियों के आपसी खींचातानी में पटेल समाज का प्रत्याशी बाजी मार सकता है। बताते चले कि भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस प्रत्याशी के घोषणा का इंतजार करता रहा है। बीएसपी में इस बात की चर्चा थी कि यदि कांग्रेस ब्रा हण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारता है तो बीएसपी पटेल या फिर क्षत्रिय समाज के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी। उसके लिए प्रत्याशी का भी चयन कर लिया गया था। राजनीति के पंडितों का अनुमान है कि भाजपा से जनार्दन मिश्रा एंव कांग्रेस से नीलम अभय मिश्रा के चुनाव मैदान में आने से दोनो ही प्रत्याशी पार्टी के बोट बैंक में सेंध लगाने के साथ ही जातिगत सेंध भी लगायेंगे, जिससे ब्रा हण बोट दो खेमों में बट जायेगी। वहीं अभिषेक पटेल के संबंध में अनुमान लगाया जा रहा है कि बीएसपी बोट बैंक के साथ ही अभिषेक पटेल अपने समाज के साथ ही ओबीसी समाज का भरपूर समर्थन मिलने की आशंका जताई है जो कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों का समीकरण बिगाडऩे के लिए पर्याप्त बताया जा रहा है। बाक्स पूर्व सांसद की हरसत रह गई अधूरी राजनीति के चार चकरा में पानी भरकर बीएसपी में वापस लौटे पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल की हरसत अधूरी रह गई। बीएसपी से सांसद, विधायक चुने गये बुद्धसेन पटेल अपना राजनैतिक भविष्य तलासने कांग्रेस और भाजपा की सदस्यता ली और उसके लिए काम भी किया। लेकिन उनको भाजपा एंव कांग्रेस में अपना राजनैतिक भविष्य अंधकारमय लगा और 28 साल दर-दर भटकने के बाद बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत टिप्पल के हाथों सदस्यता लेते हुए इस आश्वासन पर घर वापसी करी कि होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी रीवा से उनको चुनाव मैदान में उतारेगी। लेकिन बीच में युवा नेता अभिषेक पटेल को प्रत्याशी घोषित किये जाने पर उनके सपने टूटकर बिखर गये और सांसद बनने का सपना अधूरा ही रह गया। अपना दल से अभिषेक ने फूंका था राजनीति का बिगुल गुढ विधानसभा के तमरादेश गांव में 26 जनवरी 1988 को जन्मे अभिषेक पटेल एमबीए, एलएलएम के पढ़ाई करने के बाद पिता मास्टर बुद्धसेन पटेल के नक्शेकदम पर चलकर समाजसेवक बनने का बिगुल फूंक दिया। अपना दल के नेताओं ने उनकी कार्यशैली को देखते हुए गुढ़ विधानसभा से 2013 में अपनी ओर से प्रत्याशी घोषित कर दिया था। लेकिन कांग्रेस, भाजपा और बसपा के दिग्गज नेताओं की वजह से एक युवा नेता गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में उभर कर रह गया और उसके बाद 2018 में बीएसपी में शामिल हो गये। युवा अवस्था में ही अभिषेक पटेल ने कई धरना प्रदर्शन एंव आंदोलन में भाग लेकर जनता को न्याय दिलाने का काम किया।

### शारीरिक बीमारी से तंग वृद्धा ने उठाया आत्मघाती कदम

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलहरा के सकरिया निवासी एक 55 वर्षीय वृद्धा ने अपने शारीरिक बीमारी से तंग आकर घर के अंदर विगत रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है। विवरण में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दुलहरा के वार्ड नंबर 18 सकरिया गांव निवासी राम खिलावन कहार की 55 वर्षीय पत्नी चंपादेवी कहार जो प्रत्येक दिन दिनचर्या अनुसार पति के साथ खेत में लगे फसलों को काटने एवं आंगन में इकट्ठा करने का काम की रही शाम होने पर पति पड़ोस में घूमने-बैठने गया रहा जो देर रात घर वापस आया तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है जिसे खोलकर अंदर जाकर देखने पर अंदर की कमरे में पत्नी चंपादेवी को फांसी लगी स्थिति में देखा जिसकी जानकारी पड़ोस के लोगों के साथ अपने रिश्तेदारों-परिजनों को दी जिनकी आने पर देर रात हंड्रेड डायल पुलिस के साथ कोतवाली अनूपपुर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसकी शुक्रवार की सुबह पुलिस के द्वारा मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव वाहन से शव भेज कर ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया है। मृतिका के पति एवं परिजनो ने बताया कि चंपादेवी विगत एक वर्ष से अपने शारीरिक परेशानी से पीड़ति रही है जिनका परिजनों द्वारा देशी तथा अंग्रेजी उपचार कराया जा रहा था लेकिन उसकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा था जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाया है।

## विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरुद्ध की गई झूठी शिकायतें

### शासन एवं हाईकोर्ट से हुई खारिज



**अनूपपुर।** रेलवे अंडर ब्रिज के पास जिले की प्रथम आवासीय कॉलोनी स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी के विरुद्ध कुछ कतिपय लोगों द्वारा झूठी शिकायत को अंतत शासन ने खारिज कर दिया। कुछ लोगों ने अपने अवैध लाभ पाने के लिए स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से झूठे आरोप की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर, मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव को की थी। जिसकी जांच तहसीलदार की संयुक्त टीम ने एवं अधीक्षक भू अभिलेख द्वारा मौके पर जांच की गई। जिसमें शिकायत को झूठा पाया। भू अभिलेख अधीक्षक ने अपने प्रतिवेदन पर लिखा कि स्मार्ट सिटी में उपयोग की गई भूमिका निजी भू स्वामियों की है। जिसमें किसी भी शासकीय भूमि का अंश नहीं पाया गया। मौके पर पैमाईशी माप करके सभी खसरा नंबरों को नक्शा अनुसार सही पाया गया। तहसीलदार अनूपपुर ने जांच उपरांत प्रकरण क्रमांक-0088/74/2022-23 पर आदेश करते हुए स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायत को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका हुई खारिज स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरोध मे हाईकोर्ट जबलपुर में कतिपय लोगों द्वारा जनहित याचिका 11525-2022 दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने स्मार्ट सिटी के विरुद्ध अनेक आरोप लगाए थे। जिन्हें हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। ऐसे ही कुछ लोगों ने योजना बनाकर गलत तरीके से स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से एवं वहां के रहवासी और खरीदारों को गुमराह करने के लिए सुनियोजित ढंग से विभिन्न विभागों में झूठी और मनगढ़ंत शिकायत करवाई और सोशल मीडिया में सनसनीखेज बनाकर प्रकाशित करवाया। ताकि आम जनों के बीच स्मार्ट सिटी कॉलोनी के प्रति तरह-तरह की आशंकाएं पैदा हो जाए, लेकिन अंततः जांच उपरांत सभी प्रकार की अनुमतियां सही पाए जाने पर स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायतों को शासन स्तर पर खारिज कर दिया गया वहीं हाईकोर्ट में इन्हें मुद्दों को लेकर की गई जनहित याचिका क्रमांक भी खारिज हो चुकी है। शासन के निर्णय एवं हाईकोर्ट में मामले के खारिज हो जाने से स्मार्ट सिटी सहवासियों के मन में आशंकाएं समाप्त हुई तथा जिले की जनता का स्मार्ट सिटी के प्रति विश्वास बढ़ा है।

### इनका कहना है

स्मार्ट सिटी के विरोध मे की गई सभी शिकायत झूठी और आधारहीन होने के कारण शासन स्तर पर खारिज हो गई है। जबलपुर हाईकोर्ट में भी लगी स्मार्ट सिटी के खिलाफ याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। हमारे द्वारा शासन के नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर कॉलोनाइजर एक्ट के तहत कॉलोनी विकास का कार्य किया गया। उच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश शासन के आदेशों से हमें न्याय मिला एवं सत्य की जीत हुई है।

**विवेक कुमार बियानी, संचालक**
**स्मार्ट सिटी अनूपपुर**

## विदाई समारोह आयोजित आयोजित कर किया गया महाप्रबंधक का अभिनंदन

**अनूपपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन के रेल कर्मचारियों का प्यार व सहयोग को मैं जीवन में भुला नहीं सकता, मेरे 41 साल की रेल सेवाकाल में जो स्नेह प्यार सहयोग बिलासपुर जोन में मिला, ये मेरे परिवार के लिए हमेशा यादगार रहेगा। बिलासपुर रेल जोन के अधिकारियों व रेल कर्मचारियों ने अपनी लगन समर्पण से भारतीय रेल में बिलासपुर को नम्बर वन बनाने में मुझे पुरा सहयोग प्रदान किया उक्त उद्गार साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के द्वारा आयोजित विदाई अभिनंदन समारोह के मंच से महाप्रबंधक बिलासपुर अलोक कुमार ने कहा, समारोह को संबोधित करते हुए जोनल सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन ने कहा बिलासपुर जोन में हमें बहुत सम्मान प्यार दिया मैंने देखा रेलवे मजदूर कांग्रेस के द्वारा रेल कर्मचारियों के पंचशील कार्यक्रम के तहत हमेशा रचनात्मक कार्य किया जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला शक्ति करण के कार्यक्रम जैसे बेमिसाल कार्य रहे, मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने कहा महाप्रबंधक अलोक कुमार के 2 साल 8 माह के कार्यकाल में मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेलवे अस्पताल में व्यापक सुधार हुआ, जीडीसी लागू किया गया। लगातार 10 प्रतिशत इंटक कोटा हेतु आदेश जारी करना, रेलवे कालोनी के विकास लिए करोड़ों के



विशेष पैकेज देना बड़ी उपलब्धि रही है, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि विगत 27 मार्च को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा केन्द्रीय मजदूर कांग्रेस कार्यालय बुधवारी बाजार बिलासपुर में 31 मार्च को रेल सेवा निवृत्त हो रहे बिलासपुर रेल महाप्रबंधक अलोक कुमार के सम्मान में विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक की धर्मपत्नी सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन, बिलासपुर जोन के उपमहाप्रबंधक वीके साहू अन्य रेल जोन के अधिकारियों के साथ मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के केन्द्रीय पदाधिकारी बी कृष्ण कुमार मंडल समन्वयक बिलासपुर, डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रायपुर, केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन, लक्ष्मण राव, राजकुमार सांडे, महिला नेत्री विनीता सहानी, जी. ईश्वरअम्मा, वर्षा पाण्डेय, शाखा सचिव एम डब्ल्यू इस्लाम, जी. एस.आइच,डी डी महेश, आर के यादव, राजेन्द्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, लोकनाथ पटेल आदि उपस्थित रहे।